स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 92, दिनांकः 24-03-2025

जनपद प्रतापगढ़ एवं भदोही से वांछित रूपये 50,000- 50,000/-का पुरस्कार घोषित अभियुक्त जुनैद अहमद थाणे ग्रामीण (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार।

दिनांक 23-03-2025 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को थाना व जनपद भदोही में पंजीकृत मु0अ0सं0 215/24 धारा 103(1)/61(2)(a) भा0न्या0सं0 एवं थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 408/2024 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित तथा 50,000-50,000/-रूपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त जुनैद अहमद को थाणे ग्रामीण, महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-</u>

जुनैद अहमद पुत्र आजाद अली निवासी ग्राम रामदेव पट्टी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ हालपता- बी-274 जय महाराष्ट्र नगर झोपडपट्टी शेख मिसरी रोड वर्धराज नगर कोकरी आगर अंटाप हिल, मुम्बई महाराष्ट्र।

<u>गिरफ्तारी का स्थान/दिनांक व समय</u>

आसनगॉव रेलवे स्टेशन ईस्ट के बाहर शुभमंगल कार्यालय के सामने थाना क्षेत्र शहापुर जनपद थाणे ग्रामीण (महाराष्ट्र)। दिनांक 23-03-2025 समय 22.45 बजे।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को विगत काफी दिनों से फरार/पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर आपराधिक घटनाएँ कारित करने की सूचनाएँ प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में श्री शैलेश प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के पर्यवेक्षण व निरीक्षक श्री जय प्रकाश राय एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के नेतृत्व में टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की गयी।

प्रयागराज टीम द्वारा जनपद भदोही व जनपद प्रतापगढ़ से वांछित एवं पुरस्कार घोषित अभियुक्त जुनैद अहमद की गिरफ्तारी हेतु अभिसूचना संकलन किया जा रहा था। इस दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त जुनैद अहमद महाराष्ट्र के जनपद थाणे ग्रामीण क्षेत्र में कहीं छिपकर रह रहा है। प्राप्त सूचना पर उपनिरीक्षक श्री विनय तिवारी, मुख्य आरक्षीगण साजित अली, अजय सिंह यादव, प्रवीण जायसवाल व मुख्य आरक्षी चालक रामलखन पाल की टीम द्वारा थाणे ग्रामीण, महाराष्ट्र पहॅुचकर आसनगॉव रेलवे स्टेशन ईस्ट के बाहर शुभमंगल कार्यालय के सामने थाना क्षेत्र शाहपुर से अभियुक्त जुनैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह मूलरूप से ग्राम रामदेव पट्टी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ का रहने वाला है जिसके विरूद्ध लूट, हत्या, हत्या का प्रयास व रंगदारी मांगने आदि से सम्बन्धित अभियोग जनपद प्रतापगढ़, बाराबंकी व भदोही में पंजीकृत है। उसके द्वारा वर्ष-2022 में अपने साथियों के साथ मिलकर रंगदारी मांगने व लूट आदि की घटनाएं की गयी थी जिसमें वह जेल गया था। जमानत पर रिहा होने के उपरान्त सूरत गुजरात चला गया और ट्रक चालक के साथ रहने लगा। वह अपने मुकदमें से सम्बन्धित तिथियों पर माननीय न्यायालय में आता जाता रहा जो सेशन कोर्ट प्रतापगढ़ में उपस्थित होने हेतु दिनांक 19.10.2024 को प्रतापगढ़ आया

और अपने साथी आमिर के यहॉ रूका था। आमिर ने बताया था कि कलीम के माध्यम से शिवकुटी प्रयागराज के रहने वाले सौरभ सिंह अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए 10 लाख रूपये की सुपारी दी है। जिसमे से 01 लाख रूपया एडवांस में दिया गया था। दिनांक 21.10.2024 को वह अपने साथी फरमूद के साथ बाइक से भदोही गया, जहॉ पर वह अपने साथियों के साथ मिलकर भदोही निवासी योगेन्द्र बहादुर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उक्त घटना के बाद से ही वह थाणे ग्रामीण, मुम्बई (महाराष्ट्र) में छिपकर रहने लगा।

गिरफ्तार अभियुक्त जुनैद अहमद उपरोक्त को थाना भदोही जनपद भदोही में पंजीकृत मु0अ0सं0 215/24 धारा 103(1)/61(2)(a) भा0न्या0सं0 में थाना क्षेत्र शहापुर जनपद थाणे ग्रामीण महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर थाना शहापुर में दाखिल किया गया तथा सम्बन्धित मा0 न्यायालय सिविल जज जे0एम0एफ0सी0 शहापुर थाणे ग्रामीण महाराष्ट्र के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना भदोही, जनपद भदोही द्वारा अमल में लायी जायेगी।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त जुनैद अहमद उपरोक्त का ज्ञात अपराधिक इतिहास निम्नवत है:</u>

क0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1	69/2017	308/323/504/506 भादवि	रानीगंज	प्रतापगढ़
2	495/2019	8/20 एनडीपीएस एक्ट	कोतवाली	प्रतापगढ़
3	635/2020	147/148/149/323/427 504/506 भादवि	रानीगंज	प्रतापगढ़
4	80/2021	147/148/149/302/307/504/506 भादवि	फतनपुर	प्रतापगढ़
5	347/2022	392 भादवि	रानीगंज	प्रतापगढ़
6	360/2022	386/507 भादवि	रानीगंज	प्रतापगढ़
7	1307/2022	307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट	कोतवाली	बाराबंकी
8	165/2023	323/325/504/506 भादवि	रानीगंज	प्रतापगढ़
9	215/2024	103(1)/61(2)(a) बी0एन0एस0 **(वांछित एवं पुरस्कार घोषित)**	भदोही	भदोही
10	408/2024	2/3 गैंगस्टर एक्ट **(वांछित एवं पुरस्कार घोषित)**	रानीगंज	प्रतापगढ़